# आज

गौरवशाली परंपरा का १०७ वर्ष

पटना, रविवार, २५ अक्तूबर, २०२६ सौर ७ कार्तिक सं. २०८३ वि०

वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज, कानपुर, लखनऊ, आगरा, बरेली, पटना( कोलकाता संस्करण), रांची (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित ★★ नगर संस्करण १२ पृष्ठ मूल्य दो रुपये पचास पैसा

**अभिषेक शर्मा**

टी-20 के पावरप्ले में सौ छक्के लगाने वाले पहले बल्लेबाज

**जाह्नवी कपूर**

बढ़ गया वजन, 'कॉफी विद करण 9' में खुलासा

# औद्योगिक विकास की रफ्तार होगी तेज : सम्राट

## कई देशों के राजनयिक और देश-विदेश के निवेशक हुए शामिल

– डा. केके मिश्र–

**बोधगया।** आजादीके 80 वर्षो तक हम बैठे नहीं थे बेसिक नीड पर लंबा समय लगा बिहार का यह मगध धरती है, जिसने भारत को सोने का चिड़िया दिया राजा कर्ण भी यही हुए चौधरी ने बोधगया में आयोजित बोधगया इंडस्ट्रियल समिट बिहार बिजनेस कनेक्टके उद्घाटन समारोह रोड मैप प्रस्तुत की। कहा कि बिहा. रमें औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने और रोजगार के नए अवसर पैदा करने की दिशा में राज्य सरकार ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं।

कार्य कर रहे थे गांव में पानी बिजली स्वास्थ्य सुविधा भोजन कैसे पहुंच जाए इस पर काम कर रहे थे। इसमें और सिद्धार्थ भी बुद्धि यही बने बिहार की भूमि समृद्धि इतिहास से भरी पड़ी है। उक्त बातें सूबे के मुख्यमंत्री सम्राट में ग्लोबल निवेशकों को कही। उन्होंने ग्लोबल निवेशकों के सामने औद्योगिक विकास की नई रफ्तारकी

कार्यक्रम में देश-विदेश के उद्योग. पतियों और निवेशकों ने हिस्सा लिया।बिहार में निवेशकी

### रोजगार के खुलेंगे नये द्वार

संभावनाओं,औद्योगिक आधारभूत संरचना के विकास और उद्योगों के लिए अनुकूल माहौल तैयार करने जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। जापान,थाईलैंड और लाओस के राजनयिक प्रति. निधियों के साथ केंद्र और राज्य सरकार के कई मंत्री,जनप्रतिनिधि तथा उद्योग जगत से जुड़े प्रतिनिधि भी शामिल हुए। सरकार का उद्देश्य बिहार को निवेश के नए केंद्र के रूप में विकसित करना और राज्य में

( शेष पृष्ठ ९ पर )

## विप चुनाव के वोटिंग का अंतिम आंकड़ा आया

( आज समाचार सेवा )

**पटना।** बिहार विधान परिषद के रिक्त आठ सीटों पर शुक्रवार को हुए मतदान का अंकित आंकड़ा जारी हो गया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से शनिवार को जारी आंकड़ों के अनुसार स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में ५३.४२ प्रतिशत वोटिंग हुई, वहीं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों में ८२.८५ प्रतिशत वोट डाले गये। स्नातक सीट वार की बात करें तो पटना स्नातक में ५७.५६ प्रतिशत, तिरहुत स्नातक में

( शेष पृष्ठ ९ पर )

## कारवाई के डर से ग्रामीण फरार विस्फोटकों से भरा बोरी फेंका

### आलमपुर विस्फोट कांड

**बड़हरिया ( सीवान )।** जामो थाना क्षेत्र के अलमापुर गांव में पटाखा निर्माण के दौरान हुए भीषण विस्फोट के बाद पुलिस और प्रशासन ने सर्च अभियान तेज कर दिया है। अभियान के बाद विस्फोटक से भरा बोला ग्रामीणों द्वारा फेंके जाने की सूचना है। वहीं, कार्रवाई के डर से गांव के कई लोगों के फरार होने की बात सामने आई है। हालांकि, बरामद सामग्री की प्रकृति और मात्रा की आधिकारिक पुष्टि आवश्यक है।

गौरतलब है कि 23 अक्टूबर को अलमापुर गांव में पटाखा बनाने के दौरान हुए भीषण विस्फोट में पांच लोगों की मौत हो गई थी। इस घटना के बाद गांव में अवैध पटाखा निर्माण और बारूद के भंडारण को लेकर गंभीर सवाल उठे हैं। हादसे के बाद जिला प्रशासन ने अवैध पटाखा निर्माण,

( शेष पृष्ठ ९ पर )

## जल निकायों की अनदेखी नहीं कर सकते : सु.कोर्ट

**नयी दिल्ली** (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जब मूल्यवान जल निकायों की सुरक्षा नहीं की जा रही हो, तो अदालतें इस स्थिति की अनदेखी नहीं कर सकतीं। शीर्ष कोर्ट ने सभी राज्यों और संबंधित अधिकारियों को आर्द्रभूमियों (वेटलैंड्स) की मौके पर जाकर वास्तविक स्थिति की जांच करने और उनकी सीमाएं तय करने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ

( शेष पृष्ठ ९ पर )

## अनंत और उनकी पत्नी नीलम देवी जदयू से 6 साल के लिए निष्कासित

–निज प्रतिनिधि–

**पटना।** बिहार प्रदेश जनता दल ने पार्टी के निर्देशों की लगातार अवहेलना करने, शीर्ष नेतृत्व के खिलाफ अमर्यादित और अपमानजनक भाषा का प्रयोग करने तथा हाल ही में संपन्न हुए विधान परिषद चुनाव में पार्टी के आधिकारिक उम्मीदवार के विरुद्ध कार्य करने के कारण मोकामा के बाहुबली विधायक अनंत कुमार सिंह पर कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की है। जेडीयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा के हस्ताक्षर से जारी कार्यालय आदेश के तहत अनंत कुमार सिंह की पार्टी की प्राथमिक सदस्यता तत्काल प्रभाव से रद्द करते हुए उन्हें अगले 6 वर्षों के लिए जनता दल (यूनाइटेड) से निष्कासित कर

दिया गया है।पार्टी द्वारा केवल निष्कासन की कार्रवाई ही नहीं की गई है, बल्कि इसके साथ ही पार्टी ने अध्यक्ष, बिहार विधानसभा से भारतीय

( शेष पृष्ठ ९ पर )

## राहुल गांधी की रैली पर भाजपा हमलावर

### राहुल एक सोची-समझी रणनीति के तहत 1 नवंबर को ही रैली करने पर अड़े हुए हैं : रविशंकर

**नयी दिल्ली** (एजेंसी)। दिल्ली में 1 नवंबर को होने वाली कांग्रेस की रैली को लेकर सियासत तेज हो गई है। भारतीय जनता पार्टी के सांसद रविशंकर प्रसाद ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वह जानबूझकर रैली की तारीख बदलने से इनकार कर रहे हैं। उनके मुताबिक, 1 नवंबर को रैली करने से 1984 के सिख विरोधी दंगों की यादें ताजा होंगी और सिख समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंच सकती है। उधर, दिल्ली के व्यापारियों ने भी रैली की तारीख बदलने की मांग की है।

शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में रविशंकर प्रसाद ने कहा कि राहुल गांधी एक सोची-समझी रणनीति के तहत 1 नवंबर को ही रैली करने पर अड़े हुए हैं। उन्होंने कांग्रेस नेता के इस फैसले की कड़े शब्दों में आलोचना की। प्रसाद ने

( शेष पृष्ठ ९ पर )

## जर्मनी के साथ बढ़ेगा शोध और कारोबार

**नयी दिल्ली** (एजेंसी)। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने जर्मनी के बर्लिन में भारतीय छात्रों और शोधकर्ताओं से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत अब जर्मन कंपनियों के लिए सिर्फ सामान बेचने का बाजार नहीं रह गया है। जर्मनी भारत को मैन्युफैक्चरिंग, रिसर्च और नई तकनीक विकसित करने के बड़े केंद्र के रूप में देख रहा है। जर्मनी की तकनीकी विशेषज्ञता और भारत की प्रतिभा मिलकर दोनों देशों के लिए नए अवसर पैदा कर सकती हैं।

पीयूष गोयल ने विदेशों में काम कर रहे भारतीय वैज्ञानिकों, इंजीनियरों

**रिसर्च और मैन्युफैक्चरिंग में साथ बढ़ने की तैयारी**

और शोधकर्ताओं को देश लौटने के लिए प्रोत्साहित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इसके लिए सरकार उद्योग जगत, विश्वविद्यालयों और प्रमुख शोध संस्थानों के साथ मिलकर काम करेगी। कोशिश होगी कि भारत में ऐसा माहौल तैयार किया जाए, जहां प्रतिभाशाली लोगों को अपने काम को आगे बढ़ाने के बेहतर अवसर मिलें।

मंत्री ने बताया कि भारतीय शोधकर्ताओं से यह समझने की कोशिश की जा रही है कि वे देश लौटने के लिए किन सुविधाओं की उम्मीद करते हैं। उनके मुताबिक, प्रतिभाशाली लोगों को आकर्षित करने के लिए केवल अच्छा वेतन देना काफी नहीं है। बेहतर प्रयोगशालाएं, आधुनिक उपकरण, शोध के लिए जरूरी संसाधन और उद्योगों से जुड़कर काम करने के मौके भी उतने ही जरूरी हैं। गोयल ने कहा कि भारत की युवा आबादी, कुशल पेशेवर और वैज्ञानिक प्रतिभा देश को कई तकनीकी क्षेत्रों में आगे ले जा सकती है। इसके लिए जरूरी है कि उद्योग और शोध संस्थान मिलकर नई तकनीक विकसित करें

( शेष पृष्ठ ९ पर )

## पीएम मोदी आज पहुंचेंगे यूपी और ओडिशा

**नयी दिल्ली** (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 अक्टूबर को उत्तर प्रदेश और ओडिशा के दौरे पर रहेंगे. जहां वे कई सारी बहुप्रतीक्षित योजनाओं का उद्घाटन करेंगे. साथ ही वायुसेना की 94वीं वर्षगांठ पर भारतीय वायुसेना के कार्यक्रम में भी शामिल होंगे.

प्रधानमंत्री सबसे पहले दिल्ली से अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी पहुंचेंगे. जहां वे सुबह करीब 11 बजे वाराणसी में अरविंद लिमिटेड की नई गारमेंट मैन्युफैक्चरिंग यूनिट का उद्घाटन करेंगे. इसके बाद वे भारतीय वायुसेना की 94वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित

( शेष पृष्ठ ९ पर )


**यहां भी पढ़ें**

website :-
www.ajhindidaily.com
For e-Paper
www.ajhindidaily.com
नि:शुल्क ई-पेपर सब्सक्राइब करें


## एटीएस ने संदिग्ध को दबोचा

**मुंबई** (एजेंसी)। महाराष्ट्र आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) ने मुंबई के माहिम इलाके से 33 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। उस पर प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े होने का संदेह है। आरोपी की पहचान मोहम्मद हसन अबू सरमद अख्तर के रूप में हुई है। उसे महाराष्ट्र एटीएस की कालाचौकी यूनिट ने एक गुप्त सूचना के आधार पर माहिम मेट्रो स्टेशन के पास से पकड़ा। जांच एजेंसी के अनुसार, आरोपी रैपिडो राइडर और इत्र विक्रेता के तौर पर काम करने की आड़ में कट्टरपंथी विचारधारा का प्रचार कर रहा था। एटीएस का आरोप है कि वह विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए सांप्रदायिक नफरत और देश-विरोधी भावनाएं फैलाने की कोशिश कर रहा था। जांचकर्ताओं को

( शेष पृष्ठ ९ पर )

## पुलिस और जवानों के लिए बनेगा खास ब्रॉडबैंड नेटवर्क

**नयी दिल्ली** (एजेंसी)। देश में पुलिस, अर्धसैनिक बलों और आपदा राहत से जुड़े कर्मियों के बीच संचार व्यवस्था को मजबूत करने की तैयारी है। केंद्रीय गृह मंत्रालय करीब 30 लाख कर्मियों के लिए देशव्यापी समर्पित ब्रॉडबैंड नेटवर्क विकसित करना चाहता है। इसके जरिए जरूरत के समय सुरक्षित और तेज संचार के साथ आवाज, वीडियो और डेटा साझा करने की सुविधा उपलब्ध कराने की योजना है।

गृह मंत्रालय ने इस प्रस्तावित नेटवर्क के डिजाइन और तकनीकी ढांचे को लेकर आम लोगों और संबंधित पक्षों से सुझाव मांगे। इस पहल का उद्देश्य पुलिस और अन्य आपातकालीन सेवाओं को ऐसा संचार तंत्र उपलब्ध कराना है, जो गंभीर परिस्थितियों में भी उनके काम आ सके। गृह मंत्रालय के प्रस्तावित नेटवर्क का नाम ब्रॉडबैंड पब्लिक प्रोटेक्शन एंड डिजास्टर रिलीफ है। यह देशभर में सार्वजनिक सुरक्षा और आपदा राहत से जुड़े विभागों के लिए तैयार किया जाएगा।

इस नेटवर्क के तहत मिशन क्रिटिकल पुश-टू-टॉक , मिशन क्रिटिकल डेटा और मिशन क्रिटिकल वीडियो जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराने की योजना है। इससे संबंधित कर्मियों को तत्काल आवाज संदेश भेजने, जरूरी डेटा साझा करने और वीडियो के जरिए स्थिति की जानकारी देने में मदद मिल सकती है। इस व्यवस्था के दायरे में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की पुलिस, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल

( शेष पृष्ठ ९ पर )


## जोड़ों एवं लिगामेंट के दर्द : कारण एवं उपचार : डा. अरविंद प्रसाद गुप्ता



**डा. अरविंद प्रसाद गुप्ता**

एमबीबीएस (बीएचयू), एमएस ऑर्थोपेडिक (बीएचयू) एमआरसीएस (यूके), डीआईपीएस आईसीओटी (बेल्जियम) एल्कस सीनियर रेसिडेंट (सफरदगंज हॉस्पीटल, नयी दिल्ली) ज्वाइंट रिप्लेसमेंट एंड ऑर्थोस्कोपी फेलो (जर्मनी) नी एंड शोल्डर फेलो (यूएसए) शिकागो ऑर्थोस्कोपी फेलो (साउथ अफ्रीका) जेआरए फेलोशिप (कैलिफोर्निया), यू.एस. ऑर्थोस्कोपी, ज्वाइंट रिप्लेसमेंट विशेषज्ञ डायरेक्टर, लिंगामेंट ज्वाइंट एंड ऑर्थोराइटिस क्लीनिक, जगदेव पथ, पटना एवं चीफ कंस्ल्टेंट (ऑर्थोपेडिक्स) पारस हॉस्पीटल

### घुटने के दर्द को नजरअंदाज ना करें

### घुटने का दर्द का कारण -

डा. गुप्ता बताते हैं कि घुटने के दर्द के कई कारण हैं लेकिन सबसे Common कारण अर्थराइटिस है। विशेषकर 40 वर्ष के अधिक आयु वर्ग वाले लोगों में देखा जाता है। अर्थराइटिस से ग्रसित लोगों में जोड़ो में सूजन, दर्द, जोड़ो का जाम होना आदि पाया जाता है। लोग चलने फिरने में असमर्थ हो जाते हैं।

**अर्थराइटिस के कारण -**

जोड़ों के बीच के कार्टिलेज के घिस जाने से जोड़ों के दोनों हड्डियों के बीच रगड़ पैदा होती है जिससे जोड़ों में दर्द एवं सूजन आ जाता है।

**घुटने के अर्थराइटिस के उपचार -**

घुटने के Condition एवं Severity पर आधारित है। प्रायः शुरूआती दौर में इसका इलाज दवा एवं फिजियोथेरापी से संभव है। दवा, दर्द एवं सूजन को कम करता है और फिजियोथेरापी मांसपेशी को मजबूत बनाता है। जाम हुए घुटने को फ्री करता है। अगर इन सब से आराम नहीं होता है तो डाक्टर Total Knee Replacement (TKR) की सलाह बुजुर्गों में और HTO आस्टीयोटोमी की सलाह व्यस्कों में देते हैं।

**TKR (Total Knee Replacement) क्या है।**

Total Knee Replacement में खराब हुए घुटने के हिस्से को आर्टिफिशियल मेटल ज्वाइंट से बदल दिया जाता है जिसके बाद मरीज बहुत जल्दी आराम से चलना शुरू कर देता है। इसका Sucess Rate 90-95% है।



टीकेआर से पहले | टीकेआर के बाद

**प्र. लिंगामेंट (Ligament) क्या है और इसकी सर्जरी कैसे होती है?**

**उत्तर :** दो हड्डियों के आपस में जोड़नेवाली संरचना को लिगामेंट कहते हैं इस प्रकार भी इंजरी प्रायः खेल के दौरान चोट लगने (Sports Injury) से होता है परंतु यह सड़क दुर्घटना या सीढ़ी से फिसलकर गिरने एवं अन्य प्रकार के चोट लगने से भी हो सकता है।

लिगामेंट की सर्जरी ऑर्थोस्कोपी (दूरबीन) विधि से सरलतापूर्वक किया जाता है जिसमें मरीज की रिकवरी जल्द होती है और वह कम समय में ही चलना-फिरना आरंभ कर देता है।

पता : 915, पिलर नं-11, जगदेव पथ मोड़, बेली रोड, पटना

संपर्क : 8298253880/6200549779/7870048487